IMPORT DETAILS

| Sl. No. | Name of item | Imports 1978-79 Quantity (Tonnes) | Value/ Rs./lakhs | 1979-80 (Aprl-Dec.) Quanity (Tonnes) | Value (Rs/Lakhs) | Importing agency | Countries from which impoted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | LDPE . . | 27742 | 1291 | 1700 | 129 | Direct Import by actual users. | Imports were made from several Countries. |
| 2 | HDPE . | 26178 | 1378 | 25924 | 1527 | Do. | |
| 3 | PVC Resins | 6093 | 340 | 26635 | 2042 | OGL (In 1978 and 1979 imports were made by CPC) | |
| 4 | DMT . .. | 320 | 11 | 5595 | 450 | CPC. | |
| 5 | Caprolactum | 8290 | 651 | 7160 | 954 | During 1978 and part of 1979 the Imports were canalised through CPC; thereafter the Imports have been under OGL for actual users. | |
| 6 | Benzene | Negligible | Negligible | 472 | 78 | Indian Oil Corporation Limited. | |

NOTE: The data regarding Imports during 1980-81 has not been compiled.

**अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग वर्ष के संदर्भ में कार्यक्रमों का प्रसारण**

8139. **श्री राम अवध :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग वर्ष (1981) के संदर्भ में रेडियो और टेलीविजन पर किस प्रकार के कार्यक्रम प्रसारित करने का विचार है ;

(ख) क्या दूरदर्शन इस अवसर पर विशेष रूप से तैयार किये गये वृत्त-चित्र तथा लघु फिल्में दिखायेगा; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ऐसी फिल्में बनाने के लिये विदेशी टेलीविजन-फिल्म निर्माताओं को अवसर प्रदान करे और यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्योरा क्या है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री बसंत साठे) :** (क) विस्तृत सूचना परिशिष्ट –I में दी गई है ।

(ख) जी, हां । विधिवत् रूप से टेलीकास्ट किए गए / जून, 1981 तक टेलीकास्ट किए जाने वाले कुछ महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की सूची परिशिष्ट–II पर है ।

(ग) क्योंकि इस प्रकार के विषयों पर फिल्में बनाने के लिए देश में पर्याप्त प्रतिभा है, अतः किसी विदेशी टेलीविजन निर्माता से इस प्रकार की फिल्में बनाने के लिए कहना आवश्यक नहीं समझा जाता ।

विवरण–I

आकाशवाणी केन्द्रों को इस बारे में उपयुक्त हिदायतें पहले ही जारी की जा चुकी हैं कि वे "अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग वर्ष-1981" के सम्बन्ध में कार्यक्रमों का प्रसार करें। केन्द्रों को सलाह दी गई है कि वे वर्ष 1981 पर्यान्त अपने सामान्य तथा विशेष श्रोता कार्यक्रमों में जनता को शिक्षित करने की दृष्टि से? विभिन्न विधाओं के जरिए उपयुक्त कार्यक्रम बनाएं। आकाशवाणी महानिदेशालय समाज कल्याण मंत्रालय के साथ संपर्क बनाए हुए हैं जिन्होंने शिक्षाविदों, नियोक्ताओं, आम व्यक्ति तथा अपंग व्यक्तियों के परिवारों की विभिन्न समस्याओं तथा प्रभावित व्यक्तियों की संभावनाओं की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए तथा जहां तक सम्भव हो विकलांगता की रोकथाम के लिए विभिन्न कार्यक्रम शुरू कर रखे हैं।

दूरदर्शन केन्द्र विकलांग व्यक्तियों की समस्याओं तथा उनको समाज में आत्म-निर्भरता की सम्मानजनक स्थिति में लाने के लिए मदद करने की आवश्यकता पर रूपकों, डाकुमेन्ट्री फिल्मों, संवादों, नाटकों, इण्टरव्यूओं आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम रूपों में अच्छी संख्या में कार्यक्रम टेलीकास्ट करते रहे हैं। दूरदर्शन विकलांग वर्ष के संदर्भ में सरकार और स्वयं सेवी एजेन्सियों के द्वारा आयोजित विभिन्न परियोजनाओं से सम्बन्धित, सार्वजनिक गतिविधियों को भी कवर करता रहा है।

विवरण–II

| क्रम संख्या | तारीख | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| **दूरदर्शन केन्द्र—अहमदाबाद (पिज)** | | |
| 1. | 4–1–1981 | हिम्मत मर्दा—एक विकलांग व्यक्ति के साथ इन्टरव्यू। स्टोरी आफ करेज—विकलांगों को विभिन्न क्षेत्रों में स्व रोजगार के लिए प्रोत्साहन पर छोटे गेज वीडियों पर बनाई गई एक सूचना प्रद डाकुमेंट्री फिल्म। |
| 2. | 21–3–1981 | विकलांगों के साथ होली—समाचार कतरन। |
| 3. | 21–3–1981 | साओं थी मोटो मन्तरा—लंगड़े व्यक्ति से संबंधित एक नाटक। |
| **दूरदर्शन केन्द्र—श्रीनगर** | | |
| 1. | 9–1–1981 | अपराधी बच्चों से किस प्रकार व्यवहार किया जाए—महिलाओं के लिए कार्यक्रम में परिचर्चा। |
| 2. | 24–1–1981 | एक दुर्घटना में दोनों भुजा खोए हुए एक अपंग व्यक्ति से "एनाडमैन" कार्यक्रम में इन्टरव्यू। |
| 3. | 30–4–1981 | खामोश आलम—अभिनन्दन होम के बहरे और गूंगे बच्चों पर फिल्म आधारित कार्यक्रम और कुछ माता-पिता से इन्टरव्यू। |

| क्रम संख्या | तारीख | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 4. | 21—5—1981 | एक ऐसे व्यक्ति के साथ इन्टरव्यू जो दुर्घटना में दोनों हाथ खो बैठा । |

**दूरदर्शन केन्द्र—बम्बई**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 1—1—1981 | संजीवनी हस्पताल में शारीरिक रूप से अपंग व्यक्तियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा कैम्प (समाचार मद)। |
| 2. | 15—2—1981 | "डिगनिटी डेसपाईट डिसएबिलिटी" फिल्म । |
| 3. | 18—2—1981 | परिजात—विकलांगों के पुनर्निवास पर एक विशेष कार्यक्रम । |
| 4. | 11—3—1981 | तीन अपंग दम्पतियों को आमंत्रित किया गया और उनसे बातचीत की गई । |
| 5. | 11—3—1981 | "तन से अपंग मन से सबल"—श्री कमलेश्वर की दीपक और दिलीप से वार्ताएं । |

**दूरदर्शन केन्द्र—कटक**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 26—1—1981 | अपंग युवक से इन्टरव्यू कार्यक्रम । |
| 2. | 6—3—1981 | कृत्रिम अंगों के निर्माण पर लघु डाकुमेंट्री फिल्म । |
| 3. | 7—4—1981 | एक अपंग युवक की सफल कहानी पर विशिष्ट डाकुमेंट्री फिल्म । |

**उपग्रह दूरदर्शन केन्द्र—हैदराबाद**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 27—1—1981 | अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग वर्ष के संबंध में सेंट टेरेसा हस्पताल दिवस की समारोहों पर टी. वी. रिपोर्ट । |
| 2. | 18—3—1981 | "स्पर्श"—विकलांगों के पुनर्वास पर डाकुमेंट्री फिल्म । |
| 3. | 17—4—1981 | रेलवे द्वारा अपंग कर्मचारियों और यात्रियों को उपलब्ध कराई गई सुविधायें—डाकुमेंट्री फिल्म । |
| 4. | 7—4—1981 | स्टेट बैंक आफ इन्डिया द्वारा विकलांग व्यक्तियों को स्व रोजगार यूनिटें स्थापित करने के लिए दिये गये ऋणों पर टी. वी. रिपोर्ट । |

**दूरदर्शन केन्द्र, मद्रास**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 3—1—1981 | अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग वर्ष-स्पाट रिपोर्ट, न्यूज फिल्म । |

| क्रम संख्या | तारीख | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 2. | 4-1-1981 | गुन्डी में विकलांगों द्वारा चलाई गई औद्योगिक कार्यशाला—कार्यक्रम—न्यूज फिल्म । |
| 3. | 12-1-1981 | कृत्रिम अंग सेन्टर पर फीचर प्रोग्राम—स्वास्थ्य फिल्म । |
| 4. | 24-2-1981 | अपंग बच्चे माडल स्कूल में मिलते हैं । |
| 5. | 27-2-1981 | औद्योगिक काम पर नेत्र-कार्यक्रम युवा इन्टरव्यू । |
| 6. | 5-3-1981 | मैन वननगम केलोबन; कार्यक्रम—औद्योगिक कार्यक्रम स्क्रीप्ट । |
| 7. | 10-3-1981 | अपंगों के लिये कला प्रतियोगिता—कार्यक्रम—न्यूजरील । |
| 8. | 16-3-1981 | आदिवाथु योगम, कार्यक्रम—कार्यक्रम नाटक । |

दूरदर्शन केन्द्र, लखनऊ

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 6-1-1981 | कामगार सभा—ये भी जीते हैं—औद्योगिक यूनिटों में कार्यरत विकलांग व्यक्तियों के साथ एक कार्यक्रम । |
| 2. | 9-2-1981 | चौपाल : ग्रामीण-विकलांगों के लिये सहायता कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में विकलांग व्यक्तियों के लिए सुविधाओं पर श्री के. के. मल्होत्रा द्वारा एक वार्ता । |
| 3. | 19-3-1981 | युवदर्शन : युवकों के लिये रोजगार के अवसर—श्री एस. एन. सिंह, रोजगार अधिकारी की रोजगार में विकलांग युवकों के लिए सुविधाओं और रियायतों के बारे में वार्ता । |
| 4. | 7-4-1981 | कामगार सभा—विकलांग श्रमिकों का पुनर्वास—जिला रोजगार अधिकारी/कुछ विकलांग/और श्रमिकों के साथ एक कार्यक्रम । |
| 5. | 9-6-1981 | घर चौबारा : नारी का दायित्व : अपंग महिला के साथ एक कार्यक्रम । अपंग बालक की मां और अपंगों के पुनर्वासन से संबंधित एक अधिकारी । |
| 6. | 27-6-1981 | घर की दुनिया : विकलांग बराह, परिवार का दायित्व—एक परिचर्चा । |

उपग्रह दूरदर्शन केन्द्र, नई दिल्ली ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 16-4-1981 | चौपाल : (कृषि) विकलांगों के लिये पुनर्वास सुविधाएं जयपुर, रायपुर और मुज्जफ्फरपुर से टेलीकास्ट किया गया एक फिल्म आधारित कार्यक्रम । |

| क्रम संख्या | तारीख | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 2. | 30–4–1981 | युवा जन (युवा कार्यक्रम) उजाले की ओर; अंधों और वे अपना सामान्य जीवन किस प्रकार चलाते हैं, उस पर फिल्म आधारित डाकुमेंट्री । |

**दूरदर्शन केन्द्र, कलकत्ता**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 1–1–1981 | विकलांग वर्ष पर राज्यपाल का सन्देश । |
| 2. | 2–2–1981 | खेल समीक्षा में विकलांगों के खेलों को कवर करना। कार्यक्रम का परिचय एक विकलांग व्यक्ति द्वारा कराया गया था । |
| 3. | 2–2–1981 | दो भागों में सीरियल कार्यक्रम जिनमें अपंगता का शीघ्र पता करने पर बल दिया गया था । अन्तर्निहित बातों की तशखीस । जब ऐसा बताया जाए तो शोधक शल्य चिकित्सा के लिए अभिभावकों को प्रेरित करना । |
| 4. | 28–2–1981 | पोटर पैन । सप्लीज सोसाइटी आफ इंडिया की अंग्रेजी में बच्चों के लिए कार्यक्रम में लघु नाटक । |
| 5. | 4–3–1981 | विकलांग व्यक्तियों की गतिविधियों पर फिल्म । |
| 6. | 8–4–1981 | एक विकलांग चित्रकार श्री वैद्य कंकर के साथ भेंटवार्ता । |

**दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 4–1–1981 | अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग वर्ष 1981 । विकलांग व्यक्तियों की आवश्यकताएं और इनकी पूर्ति । "घर परिवार" में एक परिचर्चा । |
| 2. | 5–1–1981 | विकलांग वर्ष के उद्‌घाटन समारोह में प्रधान मंत्री का भाषण । |
| 3. | 26–1–1981 | "ये साहसी युवा"—युवा मंच में विकलांगों पर एक कार्यक्रम । |
| 4. | 10–2–1981 | कृषि दर्शन में विकलांग पुनर्वास । |
| 5. | 13–2–1981 | "हम दया के पात्र नहीं"—नगर नागरिक में विकलांग व्यक्तियों पर एक कार्यक्रम । |
| 6. | 19–3–1981 | परिक्रमा—टूटा तन मजबूत मन ।' |
| 7. | 26–3–1981 | परिक्रमा—कुछ खोया कुछ पाया ! |